तापमान
अधिकतम 29 .9 डिग्री
न्यूनतम 9 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 17 फरवरी 2026

12 सड़क पर पलटे ट्रक के नीचे आने से दो लोगों की ...



12 गुरु गोरखनाथ मठ में देश-विदेशों से पहुंचे ..



## खबर संक्षेप

### 28 तक इग्नू में दाखिले व पंजीकरण का अवसर

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र के लिए नए प्रवेश तथा पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी 2026 कर दी है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि जो अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा में आवेदन नहीं कर पाए थे, उन्हें एक और अवसर मिल सके। विवि में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। नियमित पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थी भी इग्नू से अतिरिक्त डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश लेकर अपने करियर विकल्पों का विस्तार कर सकते हैं। पुनः पंजीकरण कराने वाले छात्रों को विस्तारित अवधि के दौरान 200 रुपये विलंब शुल्क का भुगतान करना होगा।



डॉ. धर्म पाल

### नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी धरा

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने व ब्लैकमेल करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म करने व ब्लैकमेल करने के आरोपी मोहमद शहजाद उर्फ राजू वासी बिहार हॉल वासी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 13 फरवरी को पुलिस को दी अपनी शिकायत में महिला ने बताया कि नाबालिग बेटी कक्षा 7 में पढ़ती है। वह पिछले काफी दिनों से परेशान रहती थी। जब पूछा तो लड़की ने बताया कि पड़ोस में बुटिक का काम करने वाले आरोपी राजू ने उसके साथ गलत काम किया और उसकी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस ने धर दबोचा।

### फौजी की पत्नी की हत्या के मामले में दो पर केस

**यमुनानगर।** गांव भम्भोल में चाकू मार कर फौजी की पत्नी मोनिका की हत्या करने के मामले में थाना छप्पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। गांव भम्भोल निवासी मृतका की मां कांता रानी ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी 34 वर्षीय मोनिका की शादी करीब 10 साल पहले जिला अंबाला के गांव कलरेहडी निवासी जसबीर सिंह के साथ हुई थी। जसबीर सिंह जम्मू कश्मीर में फौज में तैनात है। उसके पास अकेली लड़की थी।

### चोरी की आरोपी नौकरानी पकड़ी

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने सेक्टर छह निवासी राकेश के घर से नकदी चोरी करने की आरोपी नौकरानी लीलावती उर्फ सुमन निवासी गांव संधोली जिला कुरुक्षेत्र हाल किरायेदार राम स्वरूप कालोनी पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार दलबीर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई रकम में से चार हजार रुपये हजार रुपये बरामद किए है। इस मामले में राकेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### मेडिकल कैंप में 91 की आंखें जांची

**पानीपत।** श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. स्तुति गर्ग व अपनी टीम के साथ कैंप में 91 लोगों की आंखें जांची। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, गौरव छोकरा, श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड के प्रधान भीम सचदेवा, सुंदर लाल वधवा, रामस्वरूप चावला, राकेश आनंद, अविनाश पुनानी, श्याम सुंदर ग्रोवर, तिलक राज छोकरा, राजन छोकरा, कमल छाबड़ा, सुनील, राजेन्द्र तनेजा आदि मौजूद रहे।

## कुवि कोर्ट की बैठक में 746 करोड़ 62 लाख 86 हजार रुपये का बजट पारित

### विवि की वार्षिक रिपोर्ट 2025 को भी पारित किया गया

# कुवि शोधार्थियों को रिसर्च अवार्ड देगा : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में सोमवार को विश्वविद्यालय कोर्ट की 77वीं में बैठक (आनलाइन व ऑफलाइन) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिसर्च अवॉर्ड की शुरूआत की जाएगी, ताकि युवा शोधकर्ताओं को नवाचार, उत्कृष्टता और समाजोपयोगी शोध के लिए सम्मानित एवं प्रेरित किया जा सके। केयू कोर्ट में विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 746 करोड़ 62 लाख 86 हजार रुपए का वार्षिक बजट पारित किया, जिसे पूर्व में गुरुवार को कार्यकारिणी परिषद द्वारा भी अनुमोदित किया गया था। कोर्ट की बैठक में लोक सम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट 2025 को भी पारित किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पीपीटी के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की शोध, सांस्कृतिक, शैक्षणिक व खेल उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन के बाद सबसे उच्चतम ग्रेड ए-प्लस-प्लस यूनिवर्सिटी होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने देश में सर्वप्रथम एनईपी-2020 को इसके सभी प्रावधानों के साथ लागू किया है।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### कुवि ने शैक्षणिक, खेल, संस्कृति एवं शोध में नए आयाम स्थापित किए

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को पूरे देश में सर्वप्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी-2020) के प्रभावी एवं पूर्ण क्रियान्वयन के लिए हरियाणा सरकार द्वारा प्रतिष्ठित प्लेटिनम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शैक्षणिक, खेल, संस्कृति एवं शोध के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। एनआईआरएफ रैंकिंग 2025 में कुरुक्षेत्र विश्व विद्यालय ने राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय श्रेणी में 35वां स्थान हासिल किया है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी के तहत चलाए जा रहे विभिन्न ऑनलाइन प्रोग्राम में 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस बैठक में कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पॉल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. मोहिन्द्र चांद, प्रो. डीएस राणा, प्रो. संजीव बंसल, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. राजेश्वरी, डॉ. वी.एम, मूर्ति, प्रो. आरके मोदगिल, प्रो. सुनीता सिरोहा, वित्त अधिकारी कंचन बाला, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. उषा रानी, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशिका डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. रमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. सुमनबाला, डॉ. पूजा, डॉ. प्रवीन गर्ग, डॉ. सत्यकाम गर्ग, कुलगुरु के ओएसडी पवन रोहिला, उप-कुलसचिव विनोद वर्मा सहित कोर्ट के सदस्य मौजूद थे। इसके अतिरिक्त बैठक में एमएलए शक्ति रानी शर्मा, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. सुशील कुमार तोमर, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. रोहित, डॉ. प्रवीन वत्स, डॉ. सुमन बाला ने आनलाइन भागीदारी की।

### डॉ. संदीप व डॉ. महेन्द्र कुमार चुने गए एकेडमिक काउंसिल के सदस्य

कोर्ट की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. संदीप कुमार व डॉ. महेन्द्र कुमार को एकेडमिक काउंसिल का सदस्य चुना गया व इसके साथ ही बैठक में कोर्ट के नए सदस्यों का स्वागत भी किया गया। दोनों शिक्षाविदों के चयन पर सदन में उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके शैक्षणिक अनुभव, शोध दृष्टि और प्रशासनिक समझ से विश्वविद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी।

### कुवि धरोहर हरियाणा संग्रहालय की गवर्निंग बॉडी में नए सदस्यों का नामांकन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के अनुमोदन से धरोहर हरियाणा संग्रहालय की गवर्निंग बॉडी का पुनर्गठन कर आगामी दो वर्षों के लिए तीन सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रो. शुचिस्मिता को गवर्निंग बॉडी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जूलॉजी विभाग के प्रो. दीपक रॉय बब्बर को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इसके साथ ही हरियाणा की कला एवं संस्कृति क्षेत्र से जुड़े कलाकार डॉ. रमन निर्मल को भी गवर्निंग बॉडी का सदस्य बनाया गया है।

# फर्जी वीजा पर सिंगापुर भेजकर हड़पे 8 लाख

**सिंगापुर के इमिग्रेशन अधिकारियों ने युवक को किया डिपोर्ट, आरोपी पर धोखाधड़ी का केस**

**रुपये वापस मागने पर आरोपी ने मारने की दी धमकी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

युवक को फर्जी वीजा पर सिंगापुर भेज कर आठ लाख रुपए हड़प लिए गए। आरोप है कि सिंगापुर के इमीग्रेशन डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने युवक को पकड़ लिया और उसे डिपोर्ट कर दिया। वापस आने पर युवक ने आरोपी व्यक्ति से पैसे वापस मांगे मगर आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव बुढेड़ी निवासी रवि कुमार ने सदर जगाधरी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात अप्रैल 2025 में गांव गधौली निवासी विशाल कुमार के साथ हुई थी। आरोपी लोगों को विदेश भेजने का कार्य करता था। आरोपी ने उसे झांसा दिया कि वह उसे सर्टिफाइड कंपनी में भिजवा देगा। जहां अच्छा वेतन मिलेगा। आरोपी ने विदेश भेजने के लिए आठ लाख रुपये खर्च बताया। वह आरोपी की बातों में आकर तैयार हो गया। उसने आरोपी को अलग-अलग कर दस्तावेज व आठ लाख रुपये दे दिए। जुलाई 2025 में आरोपी ने उसे वीजा व कंपनी का ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। जब सिंगापुर एयरपोर्ट पर पहुंचा तो वहां पर इमिग्रेशन के अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। दस्तावेजों की जांच तो वह फर्जी निकले। जिसके बाद वहां से वापस भेज दिया गया। यहां आकर उसने आरोपी से बात की और रुपये वापस मांगे। मगर आरोपी ने रुपये वापस नहीं किया पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने उसे धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 7 लाख रुपये

**यमुनानगर।** गांव हुडिया निवासी सुखबीर सिंह ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात सुरजीत सिंह, रमन कुमार व राज चौहान के साथ हुई। आरोपी ने मई 2024 में उसे विदेश भेजने के नाम पर सात लाख रुपये ले लिए मगर इसके बाद आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# थाने में युवक की हत्या करने वाले को उम्रकैद

**एक अप्रैल 2021 को हुडा सेक्टर 13/17 के पुलिस थाने की हवालात में वारदात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

असिस्टेंट सेशन जज संदीप सिंह की अदालत ने सुशील पुत्र राजेंद्र निवासी बबैल जिला पानीपत की हत्या के आरोप में इसी गांव के निवासी बलवान पुत्र धर्म सिंह को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है। जज सिंह की कोर्ट ने बलवान पर दस हजार रुपये जुर्माना भी किया। वहीं, कोर्ट ने सुशील की हत्या के केस में आरोपी मंजीत व अजीत को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। मंजीत व अजीत, दोषी बलवान के सगे भाई है।

### यह है मामला



एक अप्रैल सन 2021 की रात को हुडा सेक्टर 13/17 के पुलिस थाने की हवालात में बलवान व सुशील बंद थे। इस दौरान बलवान ने थाने में तैनात मोहर्र हेड कांस्टेबल रकम सिंह से अपने पेट दर्द होने की बात कही और उससे बाथरूम ले जाने का आग्रह किया। वहीं, एचसी रकम सिंह, बलवान को बाथरूम में ले गया और वापस लौटते समय मौका पाते ही बलवान ने डंडा उठाया और सुशील के सिर में कई वार किए। इधर, सुशील को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी चार अप्रैल को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर, पुलिस ने मजिस्ट्रेट की निगारी में सुशील के शव का पोस्टमार्टम करवाया। जबकि हुडा सेक्टर 13/17 के थाने में हैड कांस्टेबल रकम सिंह की शिकायत पर बलवान पर सुशील की हत्या के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

### हेरोइन तस्करी में तीसरा आरोपी धरा

**अंबाला।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। 11 फरवरी 2026 को एएनसी स्टाफ की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टांगरी बांध क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 125 ग्राम चरस व 15 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया था कि यह मादक पदार्थ उन्होंने आरोपी अर्जुन उर्फ कटोरा उर्फ कशीश से खरीद था। इसी मामले में पुलिस ने अब आरोपी अर्जुन उर्फ कटोरा उर्फ कशीश को भी गिरफ्तार कर 3 दिन के रिमांड पर लिया है।

# यमुनानगर: हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**आरोपी पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट के आधा दर्जन मामले दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने जगाधरी की धीमान कॉलोनी से युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 70 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं जो कोर्ट में विचाराधीन है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। धीमान कॉलोनी के पास एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सतीश, एएसआई अमित, मुख्य सिपाही ललित ,अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर घूम रहे संदिग्ध युवक को काबू किया। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ वीरेंद्र सिंह को मौके पर बुलाया गया। उसके पास से 70 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पूछताछ में आरोपी की पहचान दुर्गा गार्डन कॉलोनी जगाधरी निवासी अंकुश उर्फ कुश के रूप में हुई।



यमुनानगर। नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा गया आरोपी युवक।

# दुकान लगाने जा रहे व्यक्ति को वाहन चालक ने रौंदा





**अंबाला।** शंभू बॉर्डर के निकट वाहन की चपेट में आने से पुरानी बकरा मंडी के हरजीत सिंह (50) की मौत हो गई। यह हादसा सुबह 5:30 बजे हुआ था। हादसे से पहले हरजीत सिंह सुबह अपनी बाइक पर सवार होकर शंभू के निकट शिव मंदिर में लगने वाले मेले में दुकान लगाने जा रहे थे। इतने में वाहन टक्कर मारकर भाग गया। अंबाला सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे गुरविंद्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गुरविंदर सिंह ने बताया कि उनके पिता हरजीत सिंह मनियारी की फेरी लगाने का काम करते थे। शंभू के निकट शिव मंदिर के मेले में दुकान लगाने के लिए घर से निकले थे। कुछ समय बाद जब पिता के मोबाइल नंबर पर फोन किया तो किसी राहगीर ने फोन उठाया। पुलिस इलाके के सीसीटीवी भी खंगाल रही है ताकि आरोपियों का पता लग सके।

### केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में महर्षि दयानंद जयंती पर विचार गोष्ठी

**करनाल।** केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद्, हिन्दी विभाग एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती के 202वें जन्मदिवस के अवसर पर 'समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वैदिक विचारधारा और सामाजिक जागरूकता का संदेश ग्रहण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने मुख्य वक्ता प्रो. आनंद आर्य का हरित पौधा भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संस्थान आर्य समाज के सिद्धांतों पर चलते हुए नारी शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। महर्षि दयानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए पथप्रदर्शक हैं। मुख्य वक्ता प्रो. आनंद आर्य (प्रधान, आर्य केंद्रीय सभा, करनाल) ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में महर्षि दयानंद के जीवन संघर्ष, वैदिक दर्शन, सामाजिक कुरीतियों के विरोध और स्त्री-शिक्षा के समर्थन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### कला शिक्षा को नवाचार और वैश्विक दृष्टि से जोड़ना समय की मांग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय रूसा प्रोजेक्ट सोसाइटी के तहत सतत शिक्षा केंद्र के सहयोग से शिक्षण में समकालीन कला अभ्यास विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का प्रथम दिन उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो सोमनाथ सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

### 14 करोड़ से छह माह में महिला कॉलेज का निर्माण कार्य होगा पूरा

**अंबाला।** लंबे समय से अटके राजकीय महिला महाविद्यालय के भवन निर्माण के कार्य ने अब रफ्तार पकड़ ली है। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत बन रहे इस कॉलेज का शेष कार्य अब अंतिम चरण में है। विभाग ने 15 अगस्त 2026 तक भवन को पूरी तरह तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंपने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस परियोजना की घोषणा 31 जुलाई 2017 को की गई थी लेकिन किन्हीं कारणों से इसमें देरी हुई। अब करीब 14 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस भवन का निर्माण कार्य 16 अगस्त 2025 से दोबारा पूरी गति के साथ शुरू किया गया है। वर्तमान में मौके पर फिनिशिंग और इलेक्ट्रिकल फिटिंग का काम चल रहा है। इस भवन की सौगात मिलने से कॉलेज में पढ़ने वाली बेटियों को बैठने और अन्य जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। राजकीय महिला महाविद्यालय के भवन में आधुनिक लैब होगी। यहां साइंस और कंप्यूटर की आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा स्मार्ट क्लास रूम के तहत डिजिटल पढ़ाई के लिए विशेष कक्ष बनाए जा रहे हैं।

**13 से 19 फरवरी तक इंडोनेशिया में होने वाले इंडो-इंडोनेशिया बाल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में चयनित**

# अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में आर्यन ने जीता गोल्ड, परिजनों ने संत मनदीप दास से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गांव नोहनी के युवा खिलाड़ी ने इंडोनेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। इस खुशी में सोमवार को उनका परिवार श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ पहुंचा। यहां माथा टेक संत मनदीप दास से आशीर्वाद लिया। संत मनदीप दास ने परिवार का मुंह मीठा कर उन्हें बधाई दी। आर्यन के पिता रजनीश कुमार गांव में दुकानदार हैं। माता पूनम गांव के ही सरकारी स्कूल में टीचर है। मां पूनम ने बताया कि आर्यन (21) स्नातक तक पढ़ाई कर चुका है। पांचवीं कक्षा से ही आर्यन का खेलों में रूझान बढने लगा। उसके बाद लगातार वह खंड स्तर, जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर खेलों में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान हासिल करता रहा। पूनम ने बताया कि आर्यन का बॉल बैडमिंटन में रूझान बढ़ने लगा लेकिन सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में यमुनानगर से खिलाड़ी और समाजसेवी सुशील कुमार ने उनसे संपर्क किया। सुशील कुमार ने आर्यन को प्रोत्साहित किया और दिल्ली में कोचिंग की बात कही। कोचिंग के बाद आर्यन ने तमिलनाडू में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर रजत पदक जीता। आर्यन की माता पूनम बताया भारतीय बाल बैडमिंटन महासंघ के सचिव आशुतोष राणा ने भी आर्यन का मनोबल बढ़ाया। 13 फरवरी से 19 फरवरी तक इंडोनेशिया में होने वाले इंडो-इंडोनेशिया बाल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज के लिए आर्यन का चयन हुआ। जहां आर्यन ने अपनी बेस्ट प्रस्तुति देते हुए गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद गांव नोहनी और क्षेत्र में खुशी की लहर है। सुशील कुमार ने वह नेशनल नोकायन प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। अब खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहते हैं। आर्यन ने भी देश का नाम रोशन किया है। वहीं, संत मनदीप दास जी महाराज ने आर्यन को आशीर्वाद दिया है।



मुलाना। संत मंदीप दास महाराज से मुलाकात करते आर्यन के परिजन। फोटो : हरिभूमि

**कोलकता में अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक पुरस्कार समारोह**

# पानीपत के प्रदीप मलिक को मिला बेस्ट कवि का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

यूकोटिया पब्लिशिंग द्वारा कोलकता के विक्टोरिया हाल में 11वां अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक पुरस्कार समारोह में पानीपत के गांव बापौली निवासी प्रदीप मालिक को बेस्ट कवि का खिताब मिला। वहीं, यह पुरस्कार प्रदीप के द्वारा प्रकाशित अपनी दूसरी पुस्तक तेरी प्रीत मेरे गीत के लिए दिया गया, जो 52 काव्य गीतों का एक संग्रह है। पेशे से इंजीनियर प्रदीप मलिक ने इस पुरस्कार को अपनी माता स्वर्गीय संतोष देवी को समर्पित किया है।

वहीं, प्रदीप मालिक युवा कवि है जिनकी कविताओं में प्रेम की सादगी और गहराई झलकती है उनकी पहली पुस्तक प्रीत के मोती पाठकों द्वारा खूब सहराई गई। वहीं एक बार फिर प्रदीप ने तेरी प्रीत मेरे गीत के साथ में फिर से भावनाओं को शब्दों में पिरो कर पाठकों तक पहुंचाया है। प्रदीप पेशे से इंजीनियर हे और वर्तमान में हैदराबाद में कार्यरत है। इधर, प्रदीप मलिक को सुभाष चंद्र कबीरपंथी, राष्ट्रीय अध्यक्ष,राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा समेत बडी संख्या में नागरिकों ने बधाई दी है।



पानीपत। बेस्ट कवि के खिताब से सम्मानित कवि प्रदीप मलिक।

## खबर संक्षेप

### निरीक्षण कर मल्टीग्रेड टीचिंग का अनुभव परखा

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला हरियापुर में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत संचालित एफएलएन के माध्यम से मल्टीग्रेड टीचिंग के अनुभव को परखने हेतु एक निरीक्षण टीम विद्यालय में पहुंची। टीम में मुख्य रूप से इंटरनेशनल टीम से केन्या से आए शिक्षा विशेषज्ञ बेंजामिन पाइपर बीएमजीएफ के साथ नेशनल टीम से अनुष्तप नायक, तुषार पुंडीर, सुनील कुशवाहा, ऊषा सोलंकी, स्टेट टीम डॉ प्रमोद कुमार स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर एवं जिला टीम के महावीर आत्रेय एफएलएन कॉर्डिनेटर व जयगोपाल एलएलएफ शामिल थे।

### बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए विद्युत सदन यूएचबीवीएन में चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक 17 फरवरी को होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई विद्युत सदन यूएचबीवीएन यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 17 फरवरी को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में 13 परिवादों पर हुई सुनवाई

# जनसमस्याओं के समाधान में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी : रणबीर

*5 का मौके पर समाधान, शेष की उच्चस्तरीय जांच के आदेश*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कुल 13 परिवादों पर विस्तार से सुनवाई की गई। बैठक के दौरान 5 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष 8 मामलों की निष्पक्ष और गहन जांच के निर्देश संबंधित उच्च अधिकारियों को सौंपे गए। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक की शुरुआत में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यालयों में जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनें और उनका समाधान वहीं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पेंशन, पेयजल, बिजली या अन्य मूलभूत सेवाओं से जुड़ी शिकायतें कष्ट निवारण समिति तक नहीं पहुंचनी चाहिएं। यदि ऐसी शिकायतें समिति में आती हैं तो यह संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न है।



### डेयरी शिफ्टिंग और शहरी व्यवस्था पर सख्त रुख

सेक्टर-12 पार्ट-2 निवासी बिमला देवी ने शहर में संचालित डेयरी हटाने का मामला उठाया। इस पर विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेनू बाला गुप्ता ने जानकारी दी कि डेयरी संचालकों को पीगली गांव के पास वैकल्पिक स्थान आवंटित किया जा चुका है। मंत्री रणबीर गंगवा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की सीमा में कोई भी डेयरी संचालित न रहे और 10 दिन के भीतर शिफ्टिंग की कार्रवाई पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

**पेयजल और बिजली समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश :** गांव औगंद निवासी सोनू की शिकायत पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए गए कि प्रार्थी के घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और शीघ्र कनेक्शन प्रदान किया जाए। पीचोलिया गांव की मूर्ति देवी ने घर के निकट लगे बिजली पोल के स्थान परिवर्तन की मांग रखी। इस पर बिजली विभाग को उचित स्थान पर पोल स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी किसी भी स्तर पर नहीं होनी चाहिए।

**ट्यूबवेल कनेक्शन और अटल भू-योजना की समीक्षा**

गांव खेड़ी जाटान निवासी सौरभ चौधरी ने कृषि ट्यूबवेल कनेक्शन में देरी का मुद्दा उठाया। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से स्पष्ट रिपोर्ट मांगी कि 27 अगस्त 2024 के बाद जारी कनेक्शन वरिष्ठता के आधार पर दिए गए या नहीं। उपायुक्त उत्तम सिंह ने भी मामले में हस्तक्षेप करते हुए अगली बैठक में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर ने कहा कि किसान द्वारा सुरक्षा राशि जमा कराने के बावजूद कनेक्शन न मिलने से उसे फसल के लिए पानी खरीदना पड़ा, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ। इस पर मंत्री ने कहा कि यदि विभागीय लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। गांव रम्बा निवासी अजय बत्रा की शिकायत पर मीकाड विभाग को अटल भू-योजना के अंतर्गत स्थापित सौर ऊर्जा संचालित सूक्ष्म सिंचाई पंपों की कार्यप्रणाली की रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### राशि वापस दिलवाई

**आरके मंडल के लिए वरदान साबित हुई समिति**

सेक्टर-8 पार्ट-1 निवासी आरके मंडल ने बताया कि उनके खातों से 26 लाख रुपये से अधिक की राशि बिना ओटीपी निकाली गई थी। पिछली बैठक में मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद पुलिस जांच में तेजी आई। मंडल ने बैठक में बताया कि अब तक उन्हें 6 लाख 66 हजार रुपये की राशि वापस मिल चुकी है और शेष राशि मिलने की उम्मीद है। उन्होंने समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह मंच उनके लिए वरदान सिद्ध हुआ है, क्योंकि यहां केवल सुनवाई नहीं बल्कि न्याय भी मिलता है। बैठक में इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारानिया, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, एडीसी योगेश मेहता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## कृषि, पशुपालन व बागवानी के लिए अलग फंड तय करने का आह्वान

# बजट में किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने राज्य सरकार से मांग की है कि आगामी हरियाणा बजट में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला ने कहा कि किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जानी चाहिए, ताकि कर्ज के बोझ तले दबे किसान को राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है और देश के खाद्यान्न भंडार भरने में प्रदेश के किसानों की अहम भूमिका रही है। इसके बावजूद किसानों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडियों में एमएसपी पर फसल खरीद नहीं हो रही और विभिन्न बहानों से फसलों को लागत से कम मूल्य पर खरीदा जाता है।

बहादुर मैहला ने बजट में कृषि व इससे जुड़े व्यवसायों के लिए विशेष प्रावधान करने की मांग की। उन्होंने पशुपालन, मछली पालन, मुर्गी पालन और मधुमक्खी पालन के लिए अलग फंड निर्धारित करने, कृषि उपकरणों पर टैक्स में छूट देने तथा खाद, बीज और कीटनाशकों के लिए नई नीति बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि सस्ते और उन्नत बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा फल, फूल, सब्जी और बागवानी को बढ़ावा देने के लिए अलग बजट प्रावधान किया जाए।

### कल से श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव का आगाज़

**करनाल।** श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से श्री खाटू श्याम मंदिर में 18 फरवरी से एक मार्च तक श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर श्याम भक्तों में भारी उत्साह है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंडल पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रतिदिन सायं छह बजे से भव्य कीर्तन का आयोजन होगा। देशभर से ख्याति प्राप्त भजन गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। कीर्तन के उपरांत प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया है, जबकि विशेष श्रृंगार के लिए अन्य राज्यों से पुष्प मंगवाए गए हैं। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को अनेक संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त होगा, जिनमें स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, श्री महामाया बाला सुंदरी मंदिर से मुख्य पुजारी बिट्टू भगत जी, आशु भगत जी तथा श्री खाटू श्याम मंदिर से मुख्य पुजारी श्याम सिंह राठौर शामिल रहेंगे। 18 फरवरी से आरंभ होकर एक मार्च तक प्रतिदिन अलग-अलग भजन गायक प्रस्तुति देंगे। अंतिम दिन सामूहिक भजन संध्या में अनेक कलाकार एक साथ श्याम नाम का संकीर्तन करेंगे। इस अवसर पर मोहन लोधी, पंकिल गोयल, अजय सैनी, गुरदयाल अग्रवाल, सुशील गर्ग, दीपक गुप्ता, दीपक जैन, राजीव जैन, विशाल सैनी आदि मौजूद रहे।

## श्री घंटाकर्ण महावीर कृपा दिवस पर भक्ति संगम

*कृष्ण चौदस पर सामूहिक जाप, संतों के प्रवचन और प्रीति भोज का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

इंद्री रोड स्थित घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान पर मासिक कृपा दिवस कृष्ण चौदस के अवसर पर भक्ति संगम का आयोजन श्रद्धाभाव से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत घंटाकर्ण बीज मंत्र के सामूहिक जाप से हुई, जिसमें लोकमंगल और विश्वकल्याण की कामना की गई।

भक्ति कार्यक्रम में मुनि संयमेश, साध्वी जागृति, अलका जैन, रीटा जैन, इंदु जैन और अनिता जैन ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।उपप्रवर्तक पीयूष मुनि ने प्रवचन देते हुए बताया कि श्री घंटाकर्ण महावीर भक्तों पर कृपा बरसाने वाले देवता हैं। जैन परंपरा में उन्हें भगवान महावीर के शासन रक्षक देव के रूप में पूजा जाता है, वहीं वैदिक परंपरा में बद्रीनाथ क्षेत्र के क्षेत्रपाल और शिव गण के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि श्री घंटाकर्ण के मंत्र और साधना विधियां भय निवारण, संकट मुक्ति और संकल्प सिद्धि में विशेष प्रभावकारी मानी जाती हैं। कार्यक्रम में आरती एवं प्रीति भोज का आयोजन भी किया गया। विशेष अवसर पर दुष्यंत गौतम ने भी तीर्थस्थान पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## निराला हरियाणा साहित्य रत्न सम्मान से अलंकृत 22 फरवरी को कलानौर में होगा भव्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

हरियाणा शिक्षा विभाग में द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी के रूप में कार्यरत हिंदी और हरियाणवी साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण को हरियाणवी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए 22 फरवरी को कलानौर (रोहतक) में सम्मानित किया जाएगा। पंजीकृत संस्था 'निराला साहित्यिक एवं कला मंच' द्वारा आयोजित समारोह में उन्हें 'निराला हरियाणा साहित्य रत्न सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर स्थित धराधाम इंटरनेशनल के प्रोफेसर डॉ. सौरभ पांडेय उपस्थित रहेंगे। आयोजन में दिल्ली, उत्तरप्रदेश और पंजाब के कवियों और लेखकों को भी उनके साहित्यिक अवदान के लिए विभिन्न सम्मानों से नवाजा जाएगा।कृष्ण कुमार निर्माण को यह सम्मान उनकी हरियाणवी ग़ज़ल संग्रह 'बखत-बखत की बात', लघुकविता संग्रह 'बखत-बखत के बोल', कुंडली संग्रह 'मन कै जाल्लै' और नवीन लघुकविता संग्रह 'घणा बदलग्गा यार जमाना' के लिए दिया जा रहा है। उनकी लेखनी में हरियाणा की मिट्टी की महक, लोकसंस्कृति की आत्मा और समकालीन सामाजिक सरोकारों की स्पष्ट झलक मिलती है।

सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन, स्वयंसेवकों ने सेवा, अनुशासन और नेतृत्व की मिसाल पेश की है।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज में 60 लाख की लागत से बना जिम

*विद्यार्थियों को फिटनेस, पावर लिफ्टिंग और खेलों में उत्कृष्टता के लिए मिलेगा आधुनिक प्रशिक्षण*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



गुरु नानक खालसा कॉलेज में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नवनिर्मित आधुनिक जिम का शुभारंभ कर दिया गया है। लगभग 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह मल्टी जिम अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें देशी-विदेशी मशीनें स्थापित की गई हैं।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने बताया कि जिम का निर्माण कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान कंवरजीत सिंह प्रिंस के मार्गदर्शन में किया गया है। पूरी तरह वातानुकूलित इस जिम को आधुनिक शैली में विकसित किया गया है ताकि विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का शारीरिक रूप से सशक्त होना भी आवश्यक है। जिम के माध्यम से युवा फिटनेस, वेट लिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। कॉलेज पहले ही खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर चुका है और पिछले 16 वर्षों से सरदार तारा सिंह मेमोरियल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल विजेता रहा है। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज के अनेक खिलाड़ी विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं तथा विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं। जिम का समय विद्यार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकि बाहरी व्यक्तियों के लिए प्रातः 4 से 9 बजे तथा सायं 4 से रात 9 बजे तक रहेगा।

## हरियाणा पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण हुआ शुरू



**मधुबन (करनाल)।** हरियाणा पुलिस अकादमी के डॉ. एस. राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में लोक अभियोजक अधिकारियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 16 से 27 फरवरी 2026 तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 18 लोक अभियोजक अधिकारी भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि वक्ता डिप्टी डायरेक्टर प्रोसिक्यूशन राजेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अभियोजक का कार्य केवल दोष सिद्ध करना नहीं, बल्कि सत्य और न्याय की स्थापना करना है। उन्होंने अभियोजन पक्ष की तैयारी, पुलिस द्वारा एकत्र साक्ष्यों की जांच, न्यायालय में प्रभावी प्रस्तुति, गवाहों की तैयारी तथा जिरह की तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अभियोजन अधिकारी आपराधिक न्याय प्रणाली का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनकी भूमिका न्याय सुनिश्चित करने में निर्णायक होती है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों और केस स्टडी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला न्यायवादी गीतांजलि आहूजा तथा उप पुलिस अधीक्षक शरीफ सिंह सहित अकादमी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनएचएआई बैठक तक 'हल्ला बोल' स्थगित, धरना 11वें दिन भी जारी

- रिंग रोड सर्विस लेन की मांग पर किसानों की चेतावनी, सकारात्मक फैसला नहीं आया तो आंदोलन किया जाएगा तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर गांव सोहाना के पास किसानों का धरना सोमवार को 11वें दिन में प्रवेश कर गया। आंदोलन भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले जारी है।

धरने की अध्यक्षता पूर्व सरपंच दया सिंह काजल ने की। जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की 18 फरवरी को दिल्ली स्थित मुख्यालय में महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है, जिसमें इस मुद्दे पर विचार किया जाएगा। इसी कारण प्रस्तावित 'हल्ला बोल' प्रदर्शन फिलहाल स्थगित किया गया है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि बैठक से सकारात्मक निर्णय नहीं निकला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 दिनों से अधिक समय से किसान शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से ठोस पहल नहीं हुई। किसानों ने स्पष्ट कहा कि रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

आगामी रणनीति पर प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के साथ बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। धरने में मेहताब कादियान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## डीएसपी मीना कुमारी ने युवाओं को दी कानून की जानकारी



**करनाल।** पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय रात्रि-दिवसीय विशेष शिविर का समापन भावनात्मक और प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। यह शिविर प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश रंगा (इकाई-1) एवं डॉ. करमजीत कौर (इकाई-2) के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

सात दिनों तक स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता गतिविधियाँ, समूह चर्चा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और सामूहिक प्रार्थनाओं के माध्यम से अनुशासन और सेवा भावना का परिचय दिया। अंतिम दिन प्राथमिक उपचार विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में डॉ. विक्रम सिंह चौहान ने आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय और साहस की आवश्यकता पर बल दिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी मीना कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल प्रमाण-पत्र तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं में सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने और कानून के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

## जनसुनवाई — जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना अफसरों का दायित्व

# विधायक रामकुमार कश्यप ने सुनी हलके के लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश

- सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में लगाया जनसुनवाई शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना न केवल उनका दायित्व है, बल्कि यह उनका कर्तव्य भी बनता है। उन्होंने कहा कि जब भी समय मिलता है, वे लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं।



इंद्री। इंद्री मे हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

**जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान ये आई समस्याएं :** जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान धनौरा जागीर से सुशील व धान्नो खेड़ी से रामकुमार ने परिवार पहचान पत्र में फैमिली इनकम ठीक करवाने बारे, बीबीपुर जाटान से शिव कुमार सैनी ने पेंशन बारे, छप्पर निवासी संजीव कुमार ने आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने बारे, लबकरी निवासी जंगशेर ने दयालु योजना बारे, शेरगढ़ टापू ग्राम पंचायत द्वारा गांव में शेड बनवाने बारे, इंद्री मार्ग पर बस लगवाने बारे, गांव लबकरी ग्राम पंचायत द्वारा गांव में विकास कार्यों बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया। विधायक ने हल्के से आये सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विजय कश्यप, राम मेहर, सुभाष खेड़ा, राजू शर्मा, अमित, रघबीर बतान, नरेश , देवेन्द्र गौतम, अमित शर्मा, राहुल, कृष्ण सैनी, अनुज गर्ग व संजय सैनी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घरौंडा

रविवार देर शाम को घरौंडा शहर मैं महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

विशेष रूप से जीतपुरी मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया था। भक्तों ने जल, बेलपत्र, धतूरा और दूध अर्पित कर शिवलिंग का अभिषेक किया। दिनभर मंदिरों में भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन चलता रहा।

इसी कड़ी में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सभा की ओर से देर शाम को शहर के मुख्य मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, तकिया बाजार, मंडी मनीराम, रेलवे रोड और नगर खेड़ा से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंची।

### क्राउन सिटी, घरौंडा में महाशिवरात्रि महोत्सव

**घरौंडा।** घरौंडा की क्राउन सिटी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव एवं संगीतमयी आध्यात्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, क्षेत्रवासियों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर आध्यात्मिक संदेश का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप प्रज्वलन राजयोगिनी बी.के. प्रेम दीदी जी, बी.के. रेनू दीदी जी, बी.के. संगीता दीदी जी, मुख्य अतिथि भ्राता कविंद्र राणा (प्रतिनिधि, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर) सामान्य अतिथि भ्राता राजबीर शर्मा जी (एडवोकेट एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा(करनाल) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा और कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ हुआ।

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालयों में हुए घोटाले की जांच की मांग

**पानीपत।** नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन आर्गेनाइजेशन की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने हरियाणा में खोले गए केंद्रीय जवाहर नवोदय विद्यालयों में हुए घोटाले की जांच की मांग को लेकर शीघ्र ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में राजपाल कश्यप, दीपक मित्तल, रामपाल प्रजापत, कर्मवीर मलिक, राधेश्याम, देवेंद्र राणा, वेदपाल मराठा, दिनेश शर्मा कुराना, राजेश वर्मा, प्रियंका शर्मा, स. जगजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पानीपत।** राजकीय महाविद्यालय गांव इराना में दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वरांजलि का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ.हरि ओम ने कहा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग, पॉट डेकोरेशन, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, सांझी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### तरक्की की राह है शिक्षा : वत्स

**पानीपत।** एवन पब्लिक स्कूल में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थोरले माधवराव पेशवा की जयंती और विश्व के प्रसिद्ध वैज्ञानिक मेघनाथ शाह को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। वहीं, मुख्य अतिथि डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि शिक्षा इंसान की तरक्की की रहा है। इस अवसर पर बीजेपी के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, विजय छाबड़ा, केवल कृष्ण, दयानंद, मालती, इंदु कुकरेजा, पार्षद नवल जिंदल, प्रधान राजेश बत्रा आदि उपस्थित रहे।

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** जिला पुलिस नशे के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। वहीं, पुलिस की गठीत की नशा मुक्त टीम ने सोमवार को छिछड़ाना गांव के राजकीय स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों और फिर ग्रामीणों को मादक पदार्थ के सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशे के खिलाफ प्रेरित किया। टीम ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विद्यार्थियों व ग्रामीणों को विस्तार से समझाया। इधर, ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने जीवन में नशा नहीं करने की शपथ भी ली।

### इग्नू में दाखिला तिथि बढ़ाई

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जनवरी सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है, ताकि वे अभ्यर्थी जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा में आवेदन नहीं कर पाए थे, उन्हें एक और अवसर मिल सके।

### गोशालाओं को मिल रहा है अनुदान

**पानीपत।** हरियाणा की गोशालाओं को लेकर प्रकाशित समाचार के संदर्भ में पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग, हरियाणा के जिला उपनिदेशक-कम-जिला गोवंश विकास अधिकारी डॉ. संजय आंतिल ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार गोशालाओं की सहायता और गोवंश संरक्षण के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि गोशालाओं को अनुदान जारी करने की प्रक्रिया नियमानुसार और चरणबद्ध तरीके से जारी है।

### विद्यार्थी, तनाव मुक्त होकर दें परीक्षा

**पानीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी पानीपत राकेश बूरा ने बोर्ड एवं वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनज़र विद्यार्थियों के लिए "11 मंत्र" जारी करते हुए उन्हें स्वस्थ दिनचर्या, समय प्रबंधन और उत्तर लेखन की सही तकनीक अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी इन सरल लेकिन प्रभावी उपायों का पालन करें तो वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और तनाव से भी दूर रह सकते हैं। राकेश बूरा ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि परीक्षा के दौरान हल्का व संतुलित भोजन लें, पर्याप्त नींद लें।

## बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र में बच्चों के लिए बेंच भेंट की

# जनसेवा को समर्पित है रोटरी रेनबो क्लब : नवीन

**शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी रोटरी रेनबो क्लब निरंतर कार्य कर रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। रोटरी रेनबो क्लब के पदाधिकारियों के साथ बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के शिव नगर स्थित बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र में पानीपत रोटरी रेनबो क्लब द्वारा बच्चों के लिए बैठने हेतु बेंच प्रदान की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया मुख्य अतिथि रहे। वहीं रोटरी क्लब के पूर्व गवर्नर रंजीत भाटिया विशिष्ट अतिथि रहे। रोटरी रेनबो क्लब के स्तंभ सुमित मित्तल ने अध्यक्षता की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने रोटरी रेनबो क्लब के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी रोटरी रेनबो क्लब निरंतर कार्य कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा, आशीष सिंगला, राजीव सिंगल एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रोहतास देशवाल, सोमदत्त आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# एसडी स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

## विद्यार्थियों को संस्कारी बनाएं शिक्षक : जिंदल



- कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और भारतीय इतिहास के प्रति मानवीय भावना को प्रोत्साहित करना था

पानीपत। एसडी इंटरनेशनल स्कूल के पदाधिकारी, अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर छह स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर क्षेत्रीय संघ सर संचालक पवन जिंदल, विद्यालय अध्यक्ष पवन गर्ग, प्रधानाचार्या रुचि शर्मा, विशिष्ट अतिथिगण एवं श्री एसडी संस्था के सदस्यों द्वारा दीप जला, स्वागत गीत एवं हनुमान चालीसा की संगीतमय नाटय प्रस्तुति के साथ हुआ। इधर, मुख्य आकर्षण विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक एक खोज विषय पर आधारित एक भव्य नाट्य प्रस्तुति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और भारतीय इतिहास के प्रति मानवीय भावना को प्रोत्साहित करना था। पवन गर्ग ने कहा कि एसडी इंटरनेशनल स्कूल सदैव उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कारों और मानवीय मूल्यों के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रहा है और रहेगा। सम्राट अशोक का जीवन परिवर्तन, शांति और मानवता का संदेश देता है। प्रधानाचार्या रुचि शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि पवन जिंदल ने कहा कि इस विद्यालय का वार्षिक उत्सव दूसरे विद्यालयों से अलग है। एसडी इंटरनेशनल स्कूल में इस कार्यक्रम में महान ऐतिहासिक जानकारी के साथ साथ-साथ भक्ति, ज्ञान, वीरता संस्कार, साहस व मानवता जैसे श्रेष्ठ मानवीय गुणों को अपनाने का संदेश सुनकर मन प्रसन्नता से भर गया। वर्तमान समाज में बदलती सोच पर चिंता प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि हमें पुराने संस्कार, ममतामय परवरिश एवं संस्कार देने की परम आवश्यकता है।

### हर शिकायत का समाधान निर्धारित समय-सीमा में हो

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जनता समाधान शिविर प्रशासन की कार्य संस्कृति में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक हैं। हमारा स्पष्ट लक्ष्य है कि हर शिकायत का समाधान निर्धारित समय-सीमा में और पूरी पारदर्शिता के साथ हो। किसी भी फरियादी को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि उसकी समस्या अनसुनी रह गई।

## जिला परिषद के माध्यम से जनहित में प्रभावी कार्य करें

# पानीपत की फिर प्रथम महिला बनी ज्योति शर्मा, प्रमाण पत्र प्रदान किया

- कुड़ी सुरक्षा में हुए चुनाव में दोनों प्रत्याशियों को बराबर मत मिले, ड्रा में जीती ज्योति, पहले भी रह चुकी है अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति शर्मा को प्रमाण पत्र भेंट करते हुए।

जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को जिला परिषद प्रधान पद का चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा के निर्देशानुसार निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण ढंग से कड़ी सुरक्षा के बीच करवाया गया। वहीं चुनाव में ज्योति शर्मा को ड्रा के माध्यम से जिला परिषद की अध्यक्ष निर्वाचित हुई। इससे पहले भी वे परिषद की अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुकी है। इधर, चुनाव प्रक्रिया के तहत जिला परिषद के सभी 16 सदस्यों ने ईवीएम के माध्यम से मतदान किया। इसके बाद प्रस्तावकों एवं उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनकी विधिवत जांच की गई। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ईवीएम से मतदान करवाया गया। वहीं, अध्यक्ष पद के लिए ज्योति शर्मा व सुदेश दो प्रत्याशी मैदान में थीं। मतगणना में दोनों को आठ-आठ वोट मिले। वहीं, बराबरी की स्थिति बनने पर निर्वाचन नियमों के अनुसार ड्रा निकाला गया, जिसमें ज्योति शर्मा भाग्यशाली निकली और एक बार फिर जिला परिषद की अध्यक्ष यानि पानीपत की प्रथम महिला चुनी गई। चुनाव अधिकृत अधिकारी एवं नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने ज्योति शर्मा को विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिला परिषद प्रधान का चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में हुआ। उन्होंने जिला परिषद अध्यक ज्योति शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जिला परिषद के माध्यम से जनहित में प्रभावी कार्य करें।

# भाजपा सरकार के नीतियों के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

- कांग्रेस जुलूस के रूप में जिला सचिवालय में पहुंचे और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करत हुए कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत में सोमवार को कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार की ट्रेड डील, बुढ़ापा पेंशन में कटौती, हरियाणा लोक सेवा आयोग में अनियमितताएं व राशन कार्ड कटौती का आरोप लगाया और जिला सचिवालय के सामने एलिवेटेड हाईवे के नीचे प्रदर्शन कर धरना दिया। वहीं, धरना संपन होने पर कांग्रेस जुलूस के रूप में जिला सचिवालय में पहुंचे और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इधर, आंदोलन का नेतृत्व करते हुए पानीपत कांग्रेस कमेटी, (ग्रामीण) के अध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि मोदी व नायब सरका हर मोर्चा पर फेल हो चुकी है। सत्ता के नशे में चूर दोनों सरकारें हर तरह से जनता का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज़ उठाती रहेगी और इन जनविरोधी फैसलों के खिलाफ़ संघर्ष जारी रहेगा। वहीं आंदोलन में व पानीपत शहरी जिलाध्यक्ष, बलजीत सिंह, पूर्व मंत्री बिजेंद्र कादियान, सचिन कुंडू, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, बुल्ले शाह, कंवर सिंह छोकर, खुशी राम जागलान, धर्मबीर मलिक, सुप्रिया रतन, मोहकम छोकर, ओमबीर पंवार, ऋतमोहन शर्मा, सुभाष बठला, सुभाष तंवर, फुरकान नरवाल, सतेंद्र जांगड़ा, राकेश चुघ, बजिंदर गांजबड़, विकास रोसे, भूपिंद्र मलिक, बलवान सेवादल, राजबीर सेवादल, मनीष कुटानी, रूबल संधू, संदीप बेनीवाल, अंकित सहरावत आदि ने भाग लिया।

# आईबी कॉलेज में संस्कृत वस्तु प्रदर्शनी का आयोजन



**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत विभाग की ओर से संस्कृत भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से संस्कृत वस्तु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत से संबंधित विभिन्न वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक द्वारा दीप जला कर करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों को सरहाते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां संस्कृत को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर जीवन से जोड़ने का कार्य करती हैं। उप प्राचार्या डॉ. किरण मदान ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर जीव विज्ञानाध्यक्ष डॉ. निधान सिंह, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम, गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ.सीमा, संगीत विभागाध्यक्षा डॉ. मोनिका सोनी, डॉ. भगवंत कौर, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा प्रो. हिमांशी डॉ. शर्मिला, डॉ.निधि, डॉ.संगीता, डॉ.पूनम, डॉ.चेतना, प्राध्यापिका खुशबू, राजेश, बाला, रूहानी शर्मा, अश्वनी गुप्ता, अंजली गुप्ता, नीतू भाटिया, दीप्ति, नीरू, प्रीति, मनीत, निशा, आकांक्षा, आंचल, सोनिया , अंशिका, रेखा व राहुल कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को प्रदान करते हैं व्यवहारिक ज्ञान

# टैक्स चोरी पर नियंत्रण में मददगार है टीडीएस : डॉ. अनुपम अरोड़ा



- एसडी कॉलेज में 'टीडीएस व कर देयता विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में 'टीडीएस व कर देयता विषय पर विस्तार व्याख्यान हुआ। वहीं, आरती राजेश शर्मा सीएमए, चेयरपर्सन विधु मित्तल सीएमए करनाल ने विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। दूसरी ओर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं और उन्हें भविष्य में कर संबंधी दायित्वों के प्रति जागरूक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि टीडीएस टैक्स चोरी पर नियंत्रण रखने में मदद करता है। इतना ही नहीं, इस पद्धति में टैक्स पेयर (करदाता) को वित्तीय वर्ष के अंत में वार्षिक कर के रुप में एक बड़ी राशि का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होती। वहीं, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश गर्ग, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. दीपिका अरोड़ा, डॉ. पवन कुमार, प्रो. आशीष, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. शिल्पा ठाकुर, प्रो. पूजा गर्ग, डॉ. दीपिका, प्रो. पूजा ने अतिथियों का स्वागत किया।

### सद्भावना का संदेश देने यात्रा पर निकले फौजी कौशिक



**पानीपत।** पानीपत के गांव बांध निवासी रिटायर्ड फौजी रामनिवास कौशिक ने सोमवार को पूर्व से पश्चिम अपनी साइकिल यात्रा की शुरुआत की। इसराना के एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं, फौजी कौशिक इस यात्रा में करीब 10 दिनों में 2000 किलोमीटर की दूरी तय करेगे। यह साइकिल यात्रा राजस्थान के जैसलमेर से शुरू होकर पूर्व में नेपाल सीमा तक जाएगी। रामनिवास कौशिक 'एकीक्रत पूर्व सैनिक संगठन' के आह्वान पर देश में एकता और भाईचारे का संदेश लेकर निकले हैं। वहीं, रामनिवास कौशिक, कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4,952 किलोमीटर की ऐतिहासिक साइकिल यात्रा कर चुके है। इधर, एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने रामनिवास कौशिक के अच्छे स्वास्थ्य और यात्रा के सफल समापन की कामना की। वहीं, एनसी मेडिकल कॉलेज के कमांडर कर्नल रामकुमार, 'एक कीकर पूर्व संगठन' के अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर डॉ. सुदीप सांगवान, इसराना गांव के सरपंच राजेश जागलान ने फौजी रामनिवास कौशिक को बधाई दी।

## सूचना

मैं, सुंदर पत्नी स्व. श्री बलवान सिंह निवासी मकान नं. 534, वार्ड नं. 14, धुप सिंह नगर, पानीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विशाल व पुत्रवधु आशा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सामाजिक व आर्थिक विकास के साथ रोजगार सृजन का आधार है एमएसएमई

# स्वदेशी अपनाने से ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा: आर्य

**बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति अधिक सजग और सावधान रहना चाहिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य के साथ स्काउट एंड गाइड्स का दल। फोटो : हरिभूमि

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थोरले माधवराव पेशवा की जयंती और विश्व के प्रसिद्ध वैज्ञानिक मेघनाथ शाह की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। वहीं, विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो गरीब परिवार के बच्चों को शिखर तक पहुंचा देती है। सभी बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए एमएसएमई उद्योग के विकास को विशेष प्राथमिकता देनी होगी। यह उद्योग देश के सामाजिक आर्थिक विकास का आधार ही नहीं रोजगार को सृजन करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ज्ञान विज्ञान की ही नहीं विकास की धुरी भी है। यही नहीं विज्ञान मनुष्य जीवन को सभी सुख सुविधाओं से समृद्ध बनाती है। इसलिए, बच्चों को विज्ञान विषयों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति अधिक सजग और सावधान रहना चाहिए। वहीं, भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर परिवार को स्वदेशी उत्पादों को अपना चाहिए, तभी भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

## कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

**बबली सुपुत्री श्री हुक्म चन्द धर्मपत्नी श्री लाच्छमन दास निवासी हाउस नं.230/10, रानी मोहल्ला, पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति बबली सुपुत्री श्री हुक्म चन्द (धर्मपत्नी श्री लाच्छमन दास) निवासी हाउस न0 230/10, रानी मोहल्ला, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रुप से बताया गया है कि श्री हुक्म चन्द सुपुत्र श्री सन्तोख सिंह की मृत्यु दिनांक 02-07-1985 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति सुहागवंती धर्मपत्नी श्री सन्तोख सिंह की मृत्यु काफी अरसे पहले ही हो चुकी है। यह कि श्री हुक्म चन्द सुपुत्र श्री सन्तोख सिंह की मृत्यु उपरान्त 6 वारिस है- 1. वीरा देवी (धर्मपत्नी) 2. मन्जू 3. बबली 4. सत्या देवी 5. शीला 6. सुनीता सुपुत्रीयान श्री हुक्म चन्द सुपुत्र श्री सन्तोख सिंह है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। प्रार्थी के द्वारा अपने शपथ पत्र में हुक्म चन्द सुपुत्र श्री सन्तोख सिंह की मृत्यु उपरांत निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। पटवारी हल्का तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोंट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है- इनके इलावा श्रीमति बबली सुपुत्री श्री हुक्म चन्द (धर्मपत्नी श्री लाच्छमन दास) का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। यह कि प्रार्थी को विक्रय पत्र/अन्तरण अन्तरण पत्र/दान आदि दस्तावेज पंजीकरण हेतू उक्त कागजात की आवश्यकता है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव ऐतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.1429 है।

**तहसीलदार कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

## न्यायालय नायब-तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी पानीपत

**रल्हन और भाटिया औद्योगिक वेयरहाउसिंग और लाजिस्टिक पार्क, ग्राम रसलापुर, बापोली रोड, पानीपत, अपने अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री इंदरजीत रल्हन, पुत्र श्री राम जी दास, निवासी मकान नं.480एल, माडल टाउन, पानीपत।**

**बनाम** प्रार्थीगण/वादीगण

1. श्रीमति जसविन्द्र कौर पत्नि श्री सरदार जगजीत सिंह पुत्र श्री सरदार कशमीर सिंह 2. श्रीमति तजिन्द्र कौर पत्नि गुरदीप सिंह पुत्र श्री तारा सिंह 3. संदीप पुत्र श्री रामफल पुत्र श्री शीश राम 4. बसन्त कुमार पुत्र श्री प्यारेलाल पुत्र श्री जीवन मल 5. सुरजभान पुत्र श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मुसदी 6. भूपेन्द्र पुत्र श्री ईशवर पुत्र श्री सतनारायण 7. नवीन पुत्र श्री रणबीर पुत्र श्री दुलीचन्द निवासीगण माडल टाउन पानीपत तहसील व जिला पानीपत बिसवेदारान पति इन्सार पानीपत तहसील व जिला पानीपत। .. **उत्तरवादीगण**

दरखास्त बराये किये जाने तकसीम भूमि मुन्द्रजा दरखास्त बाबत किये जाने तकसीम कृषि भूमि मुन्द्रजा खेवट नम्बर 622 खतौनी नम्बर 830 खसरा नम्बर 2891(2-8) 2893(2-5) 2898(6-6) किते 3 भूमि बारकबा तादादी 10 बिघे 19 बिसवे स्थित पति इन्सार पानीपत तहसील व जिला पानीपत **(प्रति सलंग्न)**। उपरोक्त विषय पर आपको दावा की प्रति भेजकर लिखा जाता है कि आप दावा में दर्शाये गये सभी उत्तरवादीगण व प्रार्थीगण व दावा में दर्शाई गई भूमि को स्पष्ट दर्शाते हुये अखबार में प्रकाशित करे कि प्रार्थी ने एक दावा बाबत तकसीम भूमि स्थित पत्ती इन्सार तहसील व जिला पानीपत इस न्यायालय में दायर किया है। इस न्यायालय द्वारा बार 2 नोटिस भेजने उपरान्त भी बकाया उत्तरवादीगण की तामिल ना हो रही है। अतः इस इस्तहार के तहत उत्तरवादीगण व उनके वारसान को सूचित किया जाता है कि उत्तरवादीगण अपने मुकदमा में निश्चित तारीख पेशी दिनांक 27-02-2026 को असालतन या वकालतन निम्नहस्ताक्षरी के न्यायालय में हाजिर आकर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं। निश्चित समय पर उत्तरवादीगण के न्यायालय में हाजिर ना आने के कारण उनके विरूद्ध कार्यवाही यकतरफा अमल में लाई जावेगी। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 27-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। दावा की प्रति इस पत्र के साथ सलंग्न है। जिसका क्रमांक नं.156 है।

**नायब-तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी पानीपत।**

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह के प्रति लोगों को किया जागरूक

**शहजादपुर।** गांव गणेशपुर में 'बाल विवाह मुक्त भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाना, इस सामाजिक कुरीति को रोकना तथा लोगों को संबंधित कानून की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुपरवाइजर मनप्रीत कौर ने कहा कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज की जागरूक एवं सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

### क्विज में बच्चों ने हिस्सा लिया

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में फ़्रेंच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों को एक प्रश्नोत्तरी दी गई। यह क्विज इंटर हाउस के मध्य हुआ। चारों हाउस को फ्रांस के शहरों पर आधारित नाम मासई, लियो, नांथ, बोरदो रखे गए। इस क्विज में कुल दस राउंड थे। हर राउंड में पांच प्रश्न पूछे गए। इसमें बच्चों ने सटीक उत्तर देते हुए क्विज में' हिस्सा लिया।

### एसडीएम ने सुनी आमजन की समस्याएं

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

### खेत से ट्रांसफार्मर के बिजली उपकरण चोरी

**जींद।** गांव अहिरका खेतों से बिजली ट्रांसफार्मर के उपकरण गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने गांव अहिरका निवासी राजकुमार के खेत में बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### रैली में महिलाओं की होगी रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी

**उचाना।** भाजपा जिला सचिव एवं पूर्व ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सतीशा देवी ने दावा कि उचाना में होने वाली 18 फरवरी को उचाना विकास रैली ऐतिहासिक होगी। इस रैली में उमड़ी भीड़ इतिहास बनाने का काम करेगी। रैली में महिलाओं की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी होगी। महिलाओं में रैली को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ये रैली उचाना के इतिहास में सबसे बड़ी रैली होगी। महिलाओं के लिए जितनी योजनाएं भाजपा सरकार में बनी है उतनी आज तक किसी सरकार में नहीं बनी। सीएम नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना का जो वायदा किया था वो पूरा किया।

अमृतसर दिल्ली नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा

# सड़क पर पलटे ट्रक के नीचे आने से दो लोगों की मौत

## लापरवाह ट्रक चालक ने पहले बाइक सवार को चपेट में लिया फिर ऑटो को टक्कर मारी, ट्रक पलटने से हाइवे पर दस किलोमीटर लंबा जाम लगा, दो अन्य हादसों में भी दो की जान गई

*लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह भीषण हादसा हो गया। हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। उधर दो अन्य हादसों में भी दो को अपनी जान गंवानी पड़ी। पुलिस ने लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। नेशनल हाईवे पर पहला हादसा अंबाला छावनी से 2 किलोमीटर पहले शाहपुर के टांगरी पुल नेशनल हाइवे पर हुआ। हादसे के बाद दिल्ली-अंबाला हाईवे पर करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से ट्रक को साइड किया।

इसके बाद ट्रैफिक को चालू कराया। जानकारी के अनुसार एक ट्रक दिल्ली से चंडीगढ़ की ओर सामान लेकर जा रहा था। शाहपुर के पास टांगरी पुल के नज़दीक उसने पहले एक बाइक को टक्कर मारी जिससे बाइक सवार नीचे गिर गया। इसके बाद आगे जाकर उसने एक कार और एक ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो में आगे बैठा हुआ व्यक्ति हाईवे पर गिर गया। इसके बाद ट्रक हाईवे पर पलट गया जिसके नीचे बाइक और ऑटो सवार व्यक्ति दब गए। आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। बाइक सवार की पहचान कुरुक्षेत्र के डंगाली गांव के तरसेम के रूप में हुई है। वह मकानों में लेंटर डालने का काम करते था। पिछले साल ही उनके बेटे का विवाह हुआ था। दूसरे मृतक की पहचान यमुनानगर के बुढिया गांव के रहने वाले राजेश कुमार (40) के रूप में हुई है। वह अंबाला में एक निजी कंपनी में कार्यरत थे।





### हादसे में जान गंवाने वाले भूपेंद्र मुखिया को पुलिस जवानों ने दिया कंधा

■ जंडली के शमशानघाट में हुआ अंतिम संस्कार, परिवार को आर्थिक मदद भी उपलब्ध करवाई

*अंबाला। जंडली फ्लाईओवर के पास कार की चपेट में आकर जान गंवाने वाले भूपेंद्र मुखिया का नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया गया। मॉडल टाउन चौकी के जवानों ने अंतिम संस्कार में अहम भूमिका निभाई। हादसे के बाद मृतक की बेटी आशा और अन्य परिजन सदमे में थे। यहां उनका कोई नहीं था जो इस कठिन घड़ी में मदद कर सके। परिजनों की लाचारी देख मॉडल टाउन पुलिस के सब इंस्पेक्टर धर्मपाल व हवलदार महेंद्र ने मदद करने का जिम्मा उठाया। जंडली के श्मशान घाट में संस्कार से पहले भूपेंद्र के शव को कंधा भी दिया। उन्हें पता चला कि मृतक भूपेंद्र मुखिया अपने पीछे आठ बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं। उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। ऐसे में दोनों ने मिलकर पीड़ित परिवार को नकद आर्थिक सहायता भी प्रदान की ताकि वह वापस अपने गांव लौट सकें। मृतक की बेटी आशा कुमारी ने बताया कि वह सात बहनें हैं। डेढ़ साल पहले ही मन्नतों के बाद भाई का जन्म हुआ था। इससे पिता व मां दोनों खुश थे। वह अपनी बहन मनीषा व पिता भूपेंद्र मुखिया के साथ खुशी-खुशी अपने गांव से अंबाला कैंट पहुंचे थे। हालांकि पहले वह आराम करने की सोच रहे थे लेकिन लौटने के बाद काम निपटाने की जल्दी में सुबह 4 बजकर 30 मिनट पर ही ऑटो में सवार हो गए थे। आशा का कहना था कि अगर वह थोड़ी देर और स्टेशन पर आराम कर लेते तो यह हादसा नहीं होता। जांच अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि ऑटो चालक के भी घायल होने की सूचना है लेकिन यह पता नहीं चला है कि वह कौन से अस्पताल में है या छुट्टी मिल गई। जांच में सामने आया है कि ऑटो के असल मालिक अंबाला कैंट के रहने वाला है। उन्होंने यह ऑटो चालक को किराये पर दिया*

### मालगाड़ी से युवक की मौत

**अंबाला।** मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा डी ए फ सी सी आ ई ए ल कॉरिडोर की रेल लाइन पर हुआ। सूचना के बाद मौके पर पहुंच जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया। जीआरपी के मुख्य सिपाही प्रदीप ने बताया कि अंबाला शहर और राजपुरा के बीच किमी नंबर 1159/14 के पास रेलवे लाइन पर शव मिला था। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष है। शव को शिनाख्त के लिए अंबाला छावनी जीआरपी थाने के डेड हाउस में रखवा दिया है।



बराड़ा। ज्ञान मुनि को उत्तराधिकारी बनाने के दौरान आशीर्वाद देते हुए संतजन।

# तिलक-चद्दर समारोह में संत ज्ञान मुनि बने मंदिर के उत्तराधिकारी

■ अनेक अखाड़ों के संतों, महंतों एवं महामंडलेश्वरों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

तंदवाल-हरयोली की सीमा में स्थित मार्कंडेय ऋषि उदासीन आश्रम में धार्मिक गरिमा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच उत्तराधिकार नियुक्ति समारोह संपन्न हुआ। आश्रम के महंत मुनि जयंती दास की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उनके शिष्य संत गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञान मुनि को विधिवत तिलक-चद्दर प्रदान कर उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया। यह समारोह उदासीन श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन की पावन उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें अनेक अखाड़ों के संतों, महंतों एवं महामंडलेश्वरों ने भाग लिया। संत ज्ञान मुनि को तिलक-चद्दर अर्पित कर अखाड़े के संतों ने उन्हें अधिकारिक रूप से उत्तराधिकारी घोषित किया। इस दौरान उपस्थित संत-महात्माओं ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल आध्यात्मिक भविष्य की कामना की। समारोह में प्रमुख रूप से महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश (प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम, हरिद्वार), महामंडलेश्वर स्वामी अरुण दास महाराज (जगन्नाथ धाम, हरिद्वार), कोठारी महेश मुनि (पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन, कुरुक्षेत्र), महंत कैलाश मुनि (हरिद्वार), माता श्याम सखी , मुकामी महंत राम मुनि (उज्जैन), महंत लक्ष्मणानन्द (अमृतसर), कन्हैया दास (हरिद्वार) तथा महंत गंगा दास सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद का वितरण किया गया तथा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी संतों एवं भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

# सीएम कल उचाना में करेंगे रैली को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री तथा डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को स्थानीय नई अनाज मंडी का दौरा किया और 18 फरवरी को मुख्यमंत्री की आयोजित होने वाली जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक देवेंद्र अत्री तथा डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि 18 फरवरी की जनसभा की तैयारियां अंतिम दौर में है। जनसभा के सफल आयोजन के लिए अनाज मंडी में सभी आवश्यक पहलुओं को ध्यान में रखते संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा चुकी है। बताया कि नई अनाज मंडी में करीब 420 फीट लंबा और 110 फीट चौड़ा भव्य पड़ाल की व्यवस्था करवाई जा रही है। इसमें मुख्यमंत्री व अन्य अति विशिष्ठ अतिथियों के लिए 40 फीट चैड़ा तथा 70 फीट लंबा वीवीआईपी यानि मुख्य मंच मनाया है। जबकि स्थानीय व अन्य विशिष्ठ अतिथि के लिए भी अलग से एक मंच बनाया जा रहा है। साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के लिए मंच होगा। आगे बताया कि धन्यवाद रैली की परोपर कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों के बैठने के लिए मुख्य मंच के ठीक सामने मीडिया गैलरी स्थापित होगी। पंडाल में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग ब्लॉक स्थापित किए गए हैं। अनाज मंडी स्थित किसान भवन में सीएम के लिए सेफ हाउस की व्यवस्था की है।



जींद। निरीक्षण कर दिशा-निर्देश देते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# गुरु गोरखनाथ मठ में देश-विदेशों से पहुंचे श्रद्धालु

■ श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां निशुल्क मेडिकल कैंप भी हर साल लगाया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बता दें कि टिल्ला श्री गुरु गोरखनाथ मठ की काफी मान्यता है। यहां हर वर्ष देश के अलग-अलग राज्यों व विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। तीनों दिन महोत्सव में करीब 10 हजार श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए यहां कमरों की भी व्यवस्था है व भंडारे की भी व्यवस्था रहती है।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां निःशुल्क मेडिकल कैंप भी हर साल लगाया जाता है। जिसके चलते रविवार व सोमवार को भी यहां निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया।

कैंप में करीब 300 मरीजों का बीपी, शुगर व आंखों की जांच की गई। जिन मरीजों की आंखों में मोतिया पाया गया। उनकी निःशुल्क सर्जरी भी की जाएगी। इस दौरान मरीजों को दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गई। कैंप में मॉडल टाउन स्थित संजीवनी अस्पताल से रिटायर्ड सिविल सर्जन डॉ. ओपी आर्य एवं टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान सर्व स्वास्थ्य समिति की तरफ से प्रधान योगेश शर्मा, महासचिव अमरनाथ कश्यप व पूजा ने मरीजों का पंजीकरण किया।





अंबाला। श्री श्री 108 पीर पारसनाथ जी महाराज को माथा टेकते श्रद्धालु व दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की लाइन।

# भोले बाबा से प्रतिज्ञा का दिलवाया संकल्प फिर करवाया श्रद्धालुओं को मेडिटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के कंचघर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कारोबारी अनुज अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंजुल बत्रा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने शिव स्तुति की व शिव तांडव कंठस्थ कर सुनाया और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से किए गए। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया की शिव के साथ ही रात्रि का क्या संबंध है। यह रात्रि सिर्फ 12 घंटे बाद आने वाली नहीं यह कलियुग रूपी रात को दर्शाता है। परमात्मा अपने किए गए वायदे के अनुसार इस कलियुग रूपी घोर रात्रि में आते हैं। श्रीमद्भागवत गीता में किए गए अपने वायदे अनुसार जब-जब धर्म की अति गलानी इस धरा पर होगी तब मेरा इस धरती पर आना होगा। इसके साथ ही उन्होंने परमात्मा का यथार्थ परिचय भी दिया कि हम सभी आत्माओं का पिता वह एक परमधाम का निवासी है। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित किए गए साथ में सभी अतिथियों ने केक कटिंग की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनुज अग्रवाल ने भी अपने शुभ आशीर्वचन दिए और कहा मेरा परम सौभाग्य है जो वे इस पवित्र प्रांगण में पहुंचे। कंच घर संचालिका राजयोगिनी बीके शिवानी दीदी ने भी अपनी शुभकामनाएं सभी को दी और साथ में शिव जयंती पर भोले बाबा को सभी से प्रतिज्ञा करा मेडिटेशन कराया। उन्होंने सभी को कहा कि अपनी कोई न कोई एक कमजोरी जो अक के फूल की भांति मन के अंदर रखी हुई है।



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व अन्य।

### महाशिवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन अदा की गई गद्दी की रस्म

**अंबाला।** अंबाला शहर के रामनगर में स्थित गद्दी टिल्ला श्री गुरू गोरखनाथ मठ में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के आखिरी दिन गद्दी की रस्म अदा की गई।

इस दौरान श्री श्री 108 पीर पारसनाथ महाराज और उत्तराधिकारी मनसानाथ ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा की। श्रद्धालुओं को प्रसाद दिया। इससे पहले सुबह 7 से 8 बजे तक गुरू मंत्र दिया गया।

इसके बाद सुबह साढ़े 10 से दोपहर एक बजे तक गद्दी की रस्म अदा की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगराधीश अभिषेक गर्ग ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याएं सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने प्रार्थियों की समस्याओं को संबंधित को मार्क करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला के नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है।

### शिविर में शिकायतों का किया समाधान

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में उपमण्डल के विभिन्न गांवों एवं शहरी क्षेत्र के लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनील कुमार, जसविंद्र सिंह बख्तुआ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इस तरह चला तीन दिवसीय महोत्सव

**अंबाला।** हर साल की तरह इस बार भी तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव 14 से 16 फरवरी तक चला। महोत्सव के पहले शनिवार शाम को मेहंदी रस्म की गई। इसके बाद रविवार सुबह से शाम तक मंदिर में शिवलिंग पर जल अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लाइनें लगी रही। सुबह सबसे पहले श्री श्री 108 पीर पारसनाथ महाराज और उत्तराधिकारी मनसानाथ ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुबह 7 से 8 बजे तक श्री श्री 108 पीर पारसनाथ महाराज ने गुरू मंत्र दिया। रात 7 से 11 बजे तक शिव महिमा का गुणगान हुआ। रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक शेखर त्रिवेदी एवं पार्टी नारायणगढ़ द्वारा शिवरात्रि पूजन किया गया। तीनों दिन मठ में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

दो किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम प्रतिदिन 8 से 10 यूनिट बिजली का करता है उत्पादन


# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सरकार द्वारा चलाई जा रहीं एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे आम नागरिकों को काफी लाभ मिल रहा है। यह योजना जहां एक ओर बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है।

दूसरी ओर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल के चलते सोलर रूफटॉप सिस्टम अब अत्यंत किफायती हो गया है। पात्र परिवारों को दी जा रही सब्सिडी के कारण सोलर सिस्टम लगवाना लगभग निःशुल्क के समान हो गया है।

जिन उपभोक्ताओं के लिए प्रारंभिक निवेश करना संभव नहीं है, उनके लिए सरकारी बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।



### सोलर रूफटॉप सब्सिडी योजना की जानकारी

उपायुक्त ने बताया कि दो किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 8 से 10 यूनिट बिजली उत्पादन करता है जिससे मासिक उत्पादन करीब 300 यूनिट तक पहुंच जाता है। यह एक मध्यमवर्गीय परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। इससे बिजली बिल लगभग शून्य हो सकता है। सरकार ने आय वर्ग के अनुसार सब्सिडी को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अधिकतम लाभ मिल सके। अंत्योदय परिवार (वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक एवं वार्षिक खपत 2400 यूनिट तक) को 2 किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपये तथा प्रदेश सरकार से 50 हजार रुपये, कुल 1.10 लाख रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। तीन लाख रुपये तक वार्षिक आय एवं 2400 यूनिट वार्षिक खपत वाले परिवारों को 2 किलोवाट पर केंद्र से 60 हजार रुपये और प्रदेश सरकार से 20 हजार रुपये, कुल 80 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा तीन लाख रुपये से अधिक आय वाले घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार द्वारा 1 किलोवाट पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट तक की क्षमता पर कुल अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी उपलब्ध करवाई जा रही है। उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित करें।

### ब्याज-मुक्त वित्तीय सहायता

श्रेणी-वन - वे गैर-डिफॉल्टर उपभोक्ता जिन्होंने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2025 की अवधि के दौरान अपने ऊर्जा बिलों का भुगतान नियत तिथि से पूर्व अथवा नियत तिथि पर किया है तथा जो डिफॉल्टर नहीं रहे हैं वे अधिकतम 5 किलोवाट तक की रूफटॉप सोलर (आरटीएस) क्षमता की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के पात्र होंगे। श्रेणी-टू राज्य सरकार/निगम/बोर्ड/निगमित संस्थाओं के कर्मचारी और केवल नौकरी सुरक्षा वाले एचकेआरएन कर्मचारी जिनके विरुद्ध तत्काल पूर्ववर्ती बिलिंग चक्र में कोई बकाया नहीं है वे अधिकतम 5 किलोवाट तक की आरटीएस क्षमता की स्थापना के पात्र होंगे। इस श्रेणी के लिए आवेदन करते समय उपभोक्ता खाता संख्या के साथ एचआरएमएस/एचकेआरएन आईडी दर्ज करना अनिवार्य होगा। उक्त श्रेणी-वन एवं श्रेणी-टू के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता 19,500 रुपये प्रति किलोवाट की दर से अधिकतम 5 किलोवाट तक 97,500 रुपये की राशि पर अधिकतम ब्याज रहित ऋण प्राप्त कर सकेंगे। स्वीकृत ब्याज-मुक्त वित्तीय सहायता की वसूली प्रचलित बिलिंग प्रणाली के अनुसार 24 मासिक या 12 द्विमासिक बिजली बिलों के माध्यम से की जाएगी। इसके अलावा जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से अधिक एवं 3 लाख रुपये प्रति वर्ष तक है, उनके लिए राज्य वित्तीय सहायता (एसएफए) के साथ-साथ 9,500 प्रति किलोवाट की दर से ब्याज रहित ऋण भी प्रदान किया जाएगा।